इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2441

26 अप्रैल, 2012 को उत्तर के लिए

अधिकारियों की लंबे समय तक एक ही स्थान पर तैनाती

2441 श्री साबिर अली:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि निदेशक/महाप्रबंधक स्तर के कई अधिकारियों को इनके संगठनों में किसी विशिष्ट स्थान पर लंबे समय तक तैनाती दी जाती है, जिसके कारण भ्रष्टाचार/कदाचार के कई कृत्य होते हैं;

(ख) यदि हां, तो किसी विशिष्ट स्थान पर लंबे समय से तैनात अधिकारियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसे अधिकारियों की तैनाती और स्थानांतरण के संबंध में सरकार की क्या नीति हैं ?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)

(क): से (ग): इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत संगठनों में संवेदनशील विभागों और पदों पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को नियमित रूप से बारी-बारी से स्थानांतरित किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कर्मचारियों के निहित स्वार्थ उभर न सकें। समय-समय पर ऐसे विभागों/पदों की पहचान की जाती है और इनकी समीक्षा भी की जाती है। ऐसे पदों पर बारी-बारी से स्थानांतरण करने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के दिशानिर्देशों का भी अनुपालन किया जाता है और नियमित रूप से इनके कार्यान्वयन का प्रबोधन किया जाता है। विभिन्न पदों के लिए अपेक्षित योग्यता और कार्य की प्रकृति व्यापक रूप से भिन्न-भिन्न होती है। संगठन की आवश्यकताओं के अनुरूप सभी कार्यपालकों की विशेषज्ञता, सक्षमता और अनुभव का प्रभाव पूर्ण तरीकों से उपयोग करना अपेक्षित होता है। संगठनात्मक आवश्यकता और पदों के लिए व्यक्ति विशेष की उपयुक्तता को ध्यान में रखते हुए स्थानांतरण एवं तैनातियां की जाती हैं। इसके अलावा, किसी विशेष प्रकृति के कार्य के लिए भर्ती किए गए अधिकारियों की सेवाओं का उपयोग सामान्यत: उनकी संबंधित शाखाओं में ही किया जाता है।

****